प्रेषक,

वित्त नियंत्रक(मा0)
शिक्षा अर्थ(5) माध्यमिक अनुभाग,
शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः अर्थ(5) मा0/ 2756 /2024–25 दिनांकः 13-05-2024

विषयः–वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजकीय माध्यमिक विद्यालय (बालक एवं बालिका) योजनान्तर्गत लेखाशीर्षक–2202–02–109–03 के मानक मद–58–आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में पुनर्विनियोग प्रस्ताव के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पत्र के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या–458/पन्द्रह–2–2024 दिनांकः 13 मई, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजकीय माध्यमिक विद्यालय (बालक एवं बालिका) योजनान्तर्गत लेखाशीर्षक–2202–02–109–03 के मानक मद–58–आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में पुनर्विनियोग प्रस्ताव के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत हो कि शासन के उपर्युक्त पत्र दिनांकः 13.05.2024 द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सूचना/आख्या 02 कार्यदिवस में उपलब्ध कराये जाने के आदेश प्रदान किये गये हैः–

1– आपके जनपद में राजकीय विद्यालयों (बालक एवं बालिका) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कुल कितने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है?

2– आपके जनपद में राजकीय विद्यालयों (बालक एवं बालिका) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति का अनुमोदन/पूर्वानुमोदन किस स्तर से किया गया?

अतः उपर्युक्त प्रकरण के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु सं0–01 एवं बिन्दु सं0–02 के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुए संस्तुति सहित स्पष्ट आख्या अधोहस्ताक्षरी के ईमेल–fcsecondaryeducation@gmail.com पर **आज ही** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन को समयान्तर्गत आख्या प्रेषित किया जा सके। चूँकि प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय से आच्छादित है अतः व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नकः उक्तवत्।

भवदीय

(पवन कुमार)
वित्त नियंत्रक(मा0)
शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0
प्रयागराज।

पृ0सं0 अर्थ(5)मा0 / 2756 - 2910 /2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अनु सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– शिक्षा निदेशक(मा0) शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।
3– अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय/माध्यमिक), मुख्यालय, प्रयागराज।
4– समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी(मा0शि0), कार्यालय–जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

(पवन कुमार)
वित्त नियंत्रक(मा0)
शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner

बैठकः 14-05-2024

संख्याः– 458/पन्द्रह–2–2024

प्रेषक,

निरंजन प्रसाद,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक, माध्यमिक,
उ0प्र0 प्रयागराज।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 13 मई, 2024

विषय– वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजकीय माध्यमिक विद्यालय (बालक एवं बालिका) योजनान्तर्गत लेखाशीर्षक 2202–02–109–03 के मानक मद 58 आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में पुनर्विनियोग प्रस्ताव के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र सं0–458/पन्द्रह–2–2024 दिनांक 03.05.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजकीय माध्यमिक विद्यालय (बालक एवं बालिका) योजनान्तर्गत लेखाशीर्षक 2202–02–109–03 के मानक मद 58 आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में पुनर्विनियोग प्रस्ताव के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सूचना/आख्या 02 कार्य दिवसों में उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी जो कि अद्यतन अप्राप्त है :–

1. प्रदेश के कितने जनपदों में राजकीय विद्यालयों (बालक एवं बालिका) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है?
2. प्रदेश के जिन जनपदों में राजकीय विद्यालयों (बालक एवं बालिका) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति का स्तर का अनुमोदन/पूर्वानुमोदन किसके द्वारा निर्गत किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विशेष सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 14.05.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे बापू भवन स्थित कार्यालय कक्ष सं0–809 में आहूत बैठक में उक्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में सुसंगत अभिलेखों सहित सम्यक प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(निरंजन प्रसाद)
अनु सचिव

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं बैठक में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन.
2. अपर शिक्षा निदेशक, राजकीय/माध्यमिक उ0प्र0 प्रयागराज.
3. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(निरंजन प्रसाद)
अनु सचिव।

Scanned with CamScanner